>

Title: Regarding construction of ganga Expressway, also implementation of Ganga Action Plan.

श्री संतोष गंगवार (बरेली): सभापति महोदय, आपके संज्ञान में होगा कि करीब 20-22 वर्ष पूर्व स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने एक गंगा सफाई अभियान प्रारम्भ करवाया था। अब तक हजारों करोड़ रुपए इस अभियान पर खर्च हो चुके हैं। अभी हमारे साथी विजय सिंह जी बोल रहे थे। उत्तर प्रदेश में एक योजना गंगा एक्सप्रेस हाई-वे प्रस्तावित हुई है जो एक हजार किलोमीटर की और 30 हजार करोड़ रुपए की योजना है। गंगा नदी के किनारे एक्सप्रेस-वे को बनाया जाएगा। पहले से गंगा इतनी मैली है और प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही है लेकिन पता नहीं किन कारणों से बिना केन्द्र सरकार की अनुमति के उत्तर प्रदेश सरकार एक्सप्रेस-वे का निर्माण कर रही है। मैंने भूतल परिवहन मंत्रालय की मीटिंग में माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाया था और बात भी की थी। उन्होंने कहा कि यह केवल पॉलिटिकल मूव है। प्रदूषण, पर्यावरण और अन्य दूसरी बातों को ध्यान में रखते हुए और उस समय जब उत्तर प्रदेश में ग्रैंड ट्रंक रोड है, एनएच 24 है जो दिल्ली-लखनऊ के बीच जाती है जिस का और सुदृढ़ीकरण किया जा सकता है, फोर लेन का करवाया जा सकता है, फ्लाई ओवर बनाए जा सकते हैं ...(व्यवधान)

सभापति महोदय: आपकी क्या मांग है?

श्री संतोष गंगवार : जो फर्टाइल लैंड है जिस में 2-3 फसलें उगायी जी सकती हैं, इसे बिना ध्यान में रखे और उस समय जब बीएचयू के साइंटिस्ट ने कहा है कि इसका कोई उपयोग नहीं है, जितने भी पर्यावरणविद हैं और भूमि संरक्षण के क्षेत्र में काम करते हैं, सब का मानना है कि इससे जल और प्रदूषित होगा और समस्या उत्पन्न होगी। मैं चाहता हूं कि इसमें केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करे और इसकी व्यावहारिकता का अध्ययन करे और उसके बाद कोई फैसला लिया जाए। मेरा मानना है कि कोई ऐसा काम न हो जिससे किसानों पर कोई आफत आए।